वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 273 | बुधवार 31 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## लाई डिटेक्शन पर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में हुई वर्कशॉप

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के फॉरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट की ओर से लाई डिटेक्शन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ। वर्कशॉप में देशभर की यूनिवर्सिटी से 110 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एक्सपर्ट ने बताया कि घटनाओं की तह तक जाने के लिए और मुजरिम को पकड़ने के लिए फॉरेंसिक साइंस से जुड़ना पड़ता है और इसी का एक प्रोसेस लाई डिटेक्शन कला होती है। वर्कशॉप में प्रसिद्ध फॉरेंसिक विशेषज्ञ और वकील फणींदर बी.एन मुख्य वक्ता के रूप में रूबरू हुए। ये बैंगलूरु में क्लू4 एविडेंस फॉरेन्सिक प्रयोगशाला के निदेशक भी है। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों के लाई डिटेक्शन तकनीकों के समझ में सुधार करना था, जिसमें कई तरह की क्रियाएं शामिल की गई थीं। इस दौरान लाइव टेस्ट भी रखा गया, जहां स्टूडेंट्स से सवाल पूछे गए और गलत और सही जवाब पर मशीन रिएक्ट करते हुए उनकी सत्यता पर अपनी राय दी। इस कार्यक्रम ने फॉरेंसिक साइंस में रूचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए एक ज्ञान साझा करने का मंच प्रदान किया।

# सीएस सुधांश पंत अचानक जयपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे

### फाइलें पेंडिंग मिलीं तो फोटो ली; अधिकारी गायब मिले, स्टाफ से मांगी जानकारी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सचिव सुधांश पंत मंगलवार सुबह औचक निरीक्षण करने जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने एक-एक अधिकारियों के चैंबर का निरीक्षण किया, इस दौरान कुछ अधिकारी गायब मिले। कलेक्ट्रेट ऑफिस आने से पहले पंत संभागीय आयुक्त की बिल्डिंग में भी गए थे, जहां उन्होंने कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति और उनके टेबल पर रखी फाइलों को देखा। सीएस सुधांश पंत सुबह करीब 9.20 बजे सबसे पहले संभागीय आयुक्त के ऑफिस पहुंचे थे। यहां करीब 15 मिनट रुकने के बाद वे 9.35 बजे जयपुर कलेक्ट्रेट के ऑफिस पहुंचे। अचानक जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस में सीएस के पहुंचते ही कर्मचारियों-अधिकारियों में हड़कंप मच गया। दौरे के दौरान सीएस ने एक-एक एसडीएम और एडीएम के चैंबर को खुद जाकर देखा। जहां अधिकांश अधिकारी मौके पर मिले। जयपुर सिटी एसडीएम के चैंबर में उन्होंने फाइलों का अंबार देखा तो कुछ फाइलें भी पढ़कर देखीं। उधर, कलेक्ट्रेट ऑफिस में ही आरएए (राजस्व अपील अधिकारी)




रामावतार गुर्जर अपने चैंबर में नहीं मिले, तो सीएस ने उनके स्टाफ से जानकारी ली। उनके यहां भी फाइलों की पेंडेंसी दिखी, जिसकी मुख्य सचिव ने फोटो ली।

### जेडीए का भी औचक निरीक्षण किया था

आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही मुख्य सचिव ने जयपुर जेडीए का ऐसा ही औचक निरीक्षण किया था। उस दौरान जेडीए सचिव, जोन उपायुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के चैंबर में न मिलने पर उनको एपीओ कर दिया था। 1991 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी सुधांश पंत जयपुर में कलेक्टर रह चुके हैं। सरकार ने उन्हें अगस्त 2002 में जयपुर कलेक्टर के पद पर लगाया था। इससे पहले वे ट्रेनिंग के दौरान 1994 में जयपुर उपखण्ड अधिकारी के तौर पर काम कर चुके है। 2010 में जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त रह चुके हैं।

### तीन साल पहले जींस पहनने से नाराज हो गए थे पंत

मुख्य सचिव सुधांश पंत तीन साल पहले जींस पहनने से नाराज हो गए थे। तब वह राजस्थान में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी थे। जोधपुर संभाग में जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक में पानी की सप्लाई की समीक्षा के दौरान कलेक्ट्रेट के डीआरडीओ सभागार में अधिशासी अभियंता को जींस में देख पंत नाराज हो गए। उनको लताड़ लगाते हुए घर जाकर पैंट पहनकर आने को कहा। इस पर अधिशासी अभियंता तुरंत वहां से रवाना हो गए और घर जाकर जींस की जगह पैंट पहन वापस बैठक में शामिल होने पहुंचे।

# सीएम भजनलाल बोले-सरकार न पर्ची न खर्ची की

### कांग्रेस विधायकों को कौनसी तारीख की पर्ची का डर; जरूरत पड़ी तो पेपरलीक की सीबीआई जांच होगी

**जयपुर. कासं**

राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 4 बड़ी घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार ने किसानों को दी जाने वाली पीएम सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गेहूं की एमएसपी पर बोनस में बढ़ोतरी की है। किसानों को दी जाने वाली पीएम सम्मान निधि के तहत अब किसानों को हर साल 8 हजार रुपए मिलेंगे। पहले 6 हजार रुपए मिलते थे। इससे सरकार पर 1300 करोड़ रुपए का भार आएगा। वहीं गेहूं की फसल पर किसानों को 125 रुपए क्विटंल ज्यादा मिलेंगे। गेहूं की फसल की एमएसपी पर बोनस सहित 2275 रुपए मिलते थे, अब 2400 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे। वहीं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी सरकार ने 150 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। विधवा, बुजुर्गों और परित्यक्ताओं को अब हर महीने 1150 रुपए मिलेंगे। इससे सरकार पर 1800 करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। वहीं पाक से विस्ताथपित परिवारों को आवास व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अलग से योजना लाने का ऐलान किया है। इससे पहले सीएम ने पिछली कांग्रेस सरकार पर



हमला बोला। कहा- पिछली सरकार में आमजन का कोई भी काम बिना सेवा-पानी और खर्ची के नहीं होता था। खर्ची होती थी, इनके यहां प्रीपेड सेवा शुरू हो गई थी। मोबाइल में तो देखा था। इतना डला दो, इतना काम हो जाएगा। हमारी सरकार न पर्ची की है न ही खर्ची की। यह सरकार धरती की है। धरती पुत्रों की हैं। सीएम 2 घंटे 8 मिनट लगातार बोला। सीएम के जवाब के बाद विधानसभा की कार्यवाही 8 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# शहीद दिवस पर वृक्षारोपण एवं श्रृद्धांजलि कार्यक्रम अभ्युदय पार्क में आयोजित किया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुक्तानंद नगर विकास समिति गोपालपुरा जयपुर के तत्वावधान में हरियालो राजस्थान की प्रेरणा से शहीद दिवस पर वृक्षारोपण एवं श्रृद्धांजलि कार्यक्रम अभ्युदय पार्क में आयोजित किया गया। पतंजलि योग पीठ करौली के स्वामी प्रबीर देव के सानिध्य में समारोह के मुख्य अतिथि पुनीत कर्नावट उपमहापौर नगर निगम ग्रेटर ने वृक्षारोपण एवं पुष्पांजली अर्पित कर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करी। समारोह के विशिष्ट अतिथि योग गुरु कुलभूषण बैराठी एवं पूर्व अध्यक्ष विकास समिति सत्य प्रकाश गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्तेश्वर महादेव मंदिर समिति अध्यक्ष मोहन गोयल व मुक्तानंद नगर विकास समिति अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने की। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि विकास समिति के प्रयासों से व उपमहापौर पुनीत कर्नावट के पूर्ण मदद से कचरा डिपो हटवाकर व कचरे के ढेर में तब्दील भूमि को साफ सुथरी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान को साकार किया। आज के समारोह का परम आनंद संत स्वामी प्रबीर देव जी के पद आगमन एवं उनका आशीर्वचन रहा। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के अनुसार लगभग 35 वर्षों से इस रिक्त स्थान को लोगों ने गंदगी कचरे की ढेर से कचरा डिपो बना रखा था। बारिश के दिनों में मक्खी, मच्छर व बदबू से इसके आसपास के लोगों का जीना दूभर था। कुछ समय पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने उपमहापौर जी से यहाँ की सफाई करवाने का आग्रह किया और इसे साफ सुथरा रखने की इच्छा जाहिर की जिसे उपमहापौर ने स्वीकार कर तुरंत दिशा निर्देश देकर समस्त व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई और यहां की साफ सफाई स्वच्छता की गहन जिम्मेदारी प्रदान की।

# पंचकल्याणक महोत्सव में मप्र के मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय ने आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया



**पुष्पगिरी. कासं।** श्री मजजिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव में मप्र के लोकप्रिय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पुष्पगिरी पंचकल्यणक महामहोत्सव में पहुंचकर परम पूज्यनीय आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज जी और आचार्यश्री प्रज्ञा सागर जी महाराजजी के दर्शन कर चरण वंदना की। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि पूज्यनीय आचार्यश्री प्रज्ञा सागरजी महाराजजी ने माननीय कैलाश विजयवर्गीय से निवेदन किया कि पुष्पगिरी तीर्थ क्षेत्र म.प्र का बडा तीर्थक्षेत्र है परन्तु यहां जल नही है इसलिये आप कृपया जल प्रबंधन करवाये। पंचकल्यणक महामहोत्सव कमेटी ने माननीय कैलाश विजयवर्गीय का ऐतिहासिक सम्मान किया।

# सोनीनगर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में तीर्थंकर भगवान का जन्म हुआ



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर समिति, सोनीनगर अजमेर के नवनिर्मित प्रथम तल पर जिनालय का भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में आज पंचकल्याणक पांडाल में सप्तम पट्टाधीष आचार्य श्री विवेकसागरजी महाराज ने तीसरे दिन जन्म कल्याणक के अवसर पर विषाल धर्म सभा को संबोधित करते हुये कहा कि संसार में कल्याणक पुण्यात्म जीव के ही मनाये जाते है। तीर्थंकर के पुण्य की महिमा विषाल होती है। तीनो लोको में एक ऐसा है लोक है जहां कभी एक सैकण्ड को भी जीवो को सुख शान्ति नहीं होती है वह नरक ।नरक में कभी शान्ति नहीं होती तीर्थंकर के जन्म के समय अधोलोक में भी उन नरकियों को भी अन्तरमुर्हुत के लिये शान्ति हो जाती है ऐसा उनका पुण्य का प्रभाव होता है। तीर्थंकर के गर्भ में आने से पहले नगर में कुबेर प्रतिदिन साढे दस करोड रत्नो की वर्षा अनवरत 15 महीने तक करता है ।तीर्थंकर कम से कम 20 हो सकते है और अधिक से अधिक 170 तीर्थंकर के जन्म कल्याणक सौधर्म इन्द्र एक साथ मनाता है । तीर्थंकर भगवंतों का रूप इतना सुन्दर होता है कि उस वीतराग को निहारने के लिये सौधर्म इन्द्र 1008 नेत्र बनाता है ।फिर भी उसे तृप्ति नहीं होती है । और सौधर्म इन्द्र के समय में 40 नील इन्द्राणी मनुष्य प्राय धारण करके मोक्ष प्राप्त कर लेती है क्योंकि वह सर्वप्रथम जिनेन्द्र देव के दर्षन करने का सौभाग्य प्राप्त करता है।



# श्रीमती मैना देवी बगड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** सुजानगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय फूलचंद जी जैन की धर्मपत्नी श्रीमती मैना देवी बगड़ा का जयपुर आवास पर निधन हो गया। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन सडूवाला, मंत्री पारसमल बगड़ा, डॉक्टर सरोज कुमार छाबड़ा,खेमचंद बगड़ा, महावीर प्रसाद पाटनी,नवरतनमल मल छाबड़ा सहित विधायक मनोज मेघवाल,नगरपरिषद की सभापति नीलोफर गोरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहमद इदरीश गोरी,स्वंतन्त्रता सेनानी स्व पंडित गिरीश चंद्र मिश्र के सुपौत्र अनिल मिश्र, उपसभापति अमित मारोठिया ,पार्षद मुकुल मिश्र , कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप तोदी , रामोतार मंगलहारा ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल कुमार-उषा बनेठा ने भव्य जिन मंदिर का निर्माण करवाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आचार्य 108 श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज एवं आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी मुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य में मध्यप्रदेश के श्री प्रज्ञेश्वर आदिनाथ मंदिर में 25 फरवरी से 30 फरवरी 2024 तक चल रहे भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में जयपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी परिवार अनिल कुमार श्रीमती उषा पांड्या बनेठा वाले परिवार जनों ने क्षेत्र पर भगवान महावीर स्वामी के जिन मंदिर का भव्य निर्माण करवाकर भगवान महावीर स्वामी की जिन प्रतिमा विराजमान करने का सोभाग्य प्राप्त कर अक्षय पुण्यार्जन प्राप्त कर आचार्य संघ से मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा को जानकारी पर ज्ञात हुआ कि वहां पर गौरवाध्यक्ष के रुप में अति विशिष्ट गणमान्य जनों में उपस्थित थे, उक्त कार्यक्रम में अनिल कुमार -श्रीमती उषा नितिन-निशा, विपिन -परमा, अदिति, जीविशा , इनायसा सहित सभी परिवार जनों एवं जैन समाज के गणमान्य प्रबुद्ध जनों की गरिमा मयी उपस्थिति थी।


# राजकीय प्राथमिक विद्यालय हाज्यावाला कल्याणपुरा सांगानेर में वार्षिकोत्सव मनाया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय हाज्यावाला कल्याणपुरा सांगानेर, जयपुर में वार्षिकोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति विनोद टाटीवाल अध्यक्ष जेके फाउण्डेशन, सुरेन्द्र वर्मा समाजसेवी, गोविन्द माण्ड्या समाजसेवी, बाबुलाल माण्ड्या, श्योजीराम बेनीवाल, गजेन्द्र सिंघल, पूर्व एस.एम.सी. अध्यक्ष हंसराज बैरवा रहे, अथितियों का संस्था प्रधान डॉ. सुमन विष्ट व उमा गुर्जर द्वारा शॉल ओढ़ाकर व मोमेन्टो भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कहानीप्रद नाटक एवं नृत्य कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई।

# दूसरों को झुकाने से पहले स्वयं झुकना सीखो : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में ससंघ विराजित गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा कराने का सौभाग्य ज्ञानचंद भोपाल, प्रियांशी जैन जबलपुर ने प्राप्त किया। माताजी के उपवास के बाद पारणा कराने का अवसर पारस जी चैनपुरा व संजू निवाई ने प्राप्त किया। माताजी ने सभी को सम्बोधन देते हुए कहा कि दूसरों को झुकाना चाहते हो, तो तुम स्वयं सुकना सीखो। कुछ पाना है, तो देना सीखो। जो झुक जाता है, वह उठ जाता है। गगन-सी ऊँचाईयाँ चाहिए, तो नम्रता सीखो। मधुर भाषण, विनयशीलता उच्च- कुलीन मानवों की कुल-विद्या है। पाप मत करो, क्योंकि तुम पाप भूल सकते हो, परन्तु पाप का फल तुम्हे नहीं छोड़ेंगें।जैसे भाव करोगे, वैसा फल प्राप्त होगा।जैसे परिणाम करोगे, वैसी भविष्य की पर्याय प्राप्त होगी। पापों से बचो, पुण्य- कार्य करो। शांति से जियो, दुनिया को शांति से जीने दो । कर्तापन छोड़ो, समता पूर्वक जिंदगी जियो।

# कुष्ठ निवारण दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सार्थक मानव कुष्ठाश्रम में 30 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे आश्रम प्रांगण में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एस्ट्रिड मुकली, अध्यक्ष, लेबेन ओहने लेप्रा, जर्मनी थी। समारोह की अध्यक्षता बृजकिशोर शर्मा, अध्यक्ष, राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, राजस्थान थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिस्टीन एंजेलिका, जर्मनी एवं आई.सी.श्रीवास्तव, सेवानिवृत आई.ए.एस. अधिकारी थे। इस अवसर पर सभी आश्रमों के पुनःस्थापित कुष्ठ मुक्त व्यक्ति, रामगढ़ पुनः स्थापन केन्द्र के दिव्यांग प्रशिक्षणार्थि, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि एस्ट्रिड मुकली ने अपनी मां थीय मुकली को नमन करते हुए कहा कि वह आजीवन अपनी स्वर्गीय माताजी के पदचिन्हों पर चलते हुए मानव सेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कुष्ठ प्रभावितों एवं अन्य जरूरतमंदों के हितार्थ यह सेवाकार्य जो उनकी माताजी ने प्रारम्भ किया था, उनके द्वारा अनवरत जारी रहेगा। संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने संस्था द्वारा वर्तमान में संचालित की जा रही एवं आगामी परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था शीघ्र ही गलता आश्रम के संशाधनों का सदुपयोग करते हुए कुष्ठ प्रभावितों के साथ साथ समाज के अन्य वंचित वर्ग के व्यक्तियों जिनके पास साधन सुविधाओं का आभाव है, के जीवन यापन एवं उनके कौशल विकाश के लिए नई अभिनव परियोजना प्रारम्भ करने जा रही है, जिससे इनका भी सर्वांगीण विकास हो सके। इस परियोजना को पूर्णतया स्वावलम्बी बनाने के लिए एस्ट्रिड मुकली ने आश्वस्त किया। समारोह के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि संवेदनशीलता और परोपकार से बड़ा कोई सुख जीवन में नहीं हैं। दूसरों की पीड़ा को महसूस कर उनके हितों और अधिकारों के लिए काम करना ही मानव सेवा हैं और यही सही मायने में महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजली हैं। समारोह को क्रिस्टीन एंजेलिका, आई. सी. श्रीवास्तव एवं अमिताभ कौशिक ने भी सम्बोधित किया। कुष्ठ रोगियों के इस मुख्य समारोह में शहर के सभी आश्रमों के अनेक कुष्ठ मुक्त व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह का संचालन मुकेश शर्मा ने किया।

## वेद ज्ञान

### छूटने का भय

हमारे लिए यह जान लेना आवश्यक है कि हम कौन हैं? क्योंकि अभी तक हम अपने को जिस रूप में जानते हैं वह सही नहीं है। सृष्टि की संरचना और इसमें आने वाले जीव के विषय में जो विचार करते हैं, उनका कहना है कि जैसे ही जीव इस धरती पर कदम रखता है, पांच ज्ञानेंद्रियों, पांच कर्मेंद्रियों, एक मन और एक बुद्धि से युक्त इसका शरीर भी इसके साथ-साथ चला आता है। हालांकि यह शरीर इसके साथ तो आता है, किंतु यह इसका अपना इसलिए नहीं होता, क्योंकि यह जीव तो उस परब्रह्म परमात्मा का अंश है, जो जन्म और मरण से मुक्त है और जिसमें सुख-दुख की व्याप्ति नहीं होती। जीव को कब कौन-सा शरीर मिलेगा और कब कौन-सा शरीर उससे छूट जाएगा, इसका न तो इसे पता होता है और न ही अपना शरीर प्राप्त करना तथा छोड़ना इसके वश में होता है, क्योंकि न तो यह अपने शरीर का स्वामी है और न यह शरीर इसका अपना है। इसलिए इसके छूटने का भय निरर्थक है। यही स्थिति सांसारिक संबंधों की भी है। इस जीव ने जिस किसी स्त्री के गर्भ से जन्म लिया वही इसकी माता हो गई। जिस किसी पुरुष ने इसका पालन-पोषण किया उसे पिता कहा जाने लगा। जो इसकी माता के ही गर्भ से जन्मे वे भाई-बहन हो गए। इसी तरह से सांसारिक संबंधों का एक बड़ा जाल बिछ गया, जिसका जुड़ाव समाज और राष्ट्र से हो गया, किंतु यथार्थ फिर वही है कि इनमें से इस जातक का अपना इसलिए कोई नहीं है, क्योंकि जिस मां के गर्भ से इसका जन्म हुआ, जिस पिता ने पालन-पोषण किया और एक ही गर्भ से जन्म लेने के कारण, जो इसके भाई-बहन बने, क्या वे सभी पूर्व जन्म में इसके साथ थे? कब तक साथ रहेंगे और क्या अगले जन्म में भी इसे मिलेंगे? इसका कोई ठिकाना इसीलिए नहीं है, क्योंकि यथार्थ में इसका अपना कोई है ही नहीं। यही स्थिति इसकेजीवन में प्राप्त होने वाली भोग-सामग्री की भी है। मकान, दुकान, पद-प्रतिष्ठा, लाभ-हानि के होने न होने का क्या कोई ठिकाना है? सब कुछ अनिश्चय है, क्योंकि इन सबसे भी जीव का कोई सीधा संबंध नहीं है। इसीलिए जब इसका कुछ है ही नहीं, तब फिर कुछ भी छूट जाने का भय निरर्थक है। इनसे इतर किसी भी तरह का भाव या संबंध एक विशेष प्रकार के माया-मोह का इंद्रजाल ही बुनता है।

## संपादकीय

# आरोप लगाने से पहले अपनी गिरेबां में झाकें

पाकिस्तान की समस्या यह है कि जब भी वह भारत के खिलाफ अपने किसी एजेंडे को हकीकत में तब्दील करने में नाकाम होता है या फिर खुद को गंभीर आरोपों के कठघरे में पाता है, तब भारत की ओर अंगुली उठा कर खड़ा हो जाता है। हालांकि ऐसा करने से खुद उसके ही कमजोर होने का एक संदेश निकलता है, लेकिन ऐसा लगता है कि बार-बार शर्मिंदगी उठाने के बावजूद उसे भारत पर आरोप लगाने में कोई असहजता नहीं महसूस होती। सवाल है कि क्या अब इस तरह की गतिविधियां पाकिस्तान की आदत में तब्दील हो गई हैं कि अपनी सीमा में मुश्किलों का हल निकालने के बजाय वह किसी भी मामले में भारत का नाम लेकर दुनिया और पाकिस्तानी अवाम को गुमराह करना प्राथमिक समझता है! दरअसल, गुरुवार को पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके पास पिछले वर्ष सियालकोट और रावलकोट में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो पाकिस्तानी आतंकवादियों की हत्या और 'भारतीय एजंट' के बीच संबंध होने के 'ठोस सबूत' हैं। अब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को जिस रूप में देखा-समझा जाता है, उसमें इस आरोप को लेकर शायद ही कोई देश गंभीर होता हो। मगर इससे पाकिस्तान की मंशा एक बार फिर सामने आई है। इस तरह के उथले और निराधार आरोपों की सच्चाई यह है कि जिन



आतंकवादियों के मारे जाने के बारे में पाकिस्तान ने भारत पर अंगुली उठाई है, उनसे संबंधित आतंकी संगठनों को पालने के लिए कठघरे में वह खुद खड़ा है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने के मसले पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग सम्मेलनों में भी सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में भारत का यह जवाब बिल्कुल उचित है कि पाकिस्तान की ओर से इस मामले में जो भी कहा गया है, वह भारत विरोधी झूठा और दुर्भावना से भरे प्रचार का उसका नवीनतम प्रयास है; पाकिस्तान जो बोएगा, वही काटेगा और उसकी अपनी करतूतों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराना न तो न्यायोचित हो सकता है, न ही समाधान। सच यह है कि पाकिस्तान अपने दावे में ही दोनों आतंकवादी संगठनों और उनके सदस्यों के अपने सीमा-क्षेत्र में मौजूद होने की पुष्टि कर रहा है। दरअसल, ताजा आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने यह सोचना भी जरूरी नहीं समझा कि उसके सीमा क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग 'पाकिस्तानी नागरिक' और आतंकी पहचान के बावजूद शासन की गिरफ्त में क्यों नहीं थे! आतंकवादियों की हरकतों के बारे में दुनिया जानती है कि वे नाहक ही मासूम और निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, आतंक फैलाते हैं, तो खुद पाकिस्तान स्थित किसी अन्य संगठन या एजंसी के साथ भी टकराव में वे मारे जा सकते हैं। लेकिन महज शौक की वजह से भारत पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने कभी भी अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत नहीं समझी है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# तबादले का आदेश

देश के शासन-तंत्र के ढांचे में काम करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी के लिए उनके दायित्वों के साथ एक महत्त्वपूर्ण संदेश यह भी जुड़ा होता है कि उनके आचरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाए। मगर आए दिन ऐसी खबरें मिलती रहती हैं कि किसी अफसर ने अपने मातहत कर्मचारियों को अनधिकृत रूप से अपने निजी काम करने में भी लगा दिया या कुछ ऐसा कराया, जो नियमों के खिलाफ, सामाजिक और नैतिक रूप से गलत था और उससे नौकरशाही को लेकर नकारात्मक संदेश गया। मध्य प्रदेश में सिंगरौली जिले की चित्रांगी तहसील के उपजिलाधिकारी यानी एसडीएम ने यह बुनियादी पहलू ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा और सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यालय की एक महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ। इस घटना की तस्वीर के सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और लोगों ने अधिकारी के इस आचरण पर तीखी आपत्ति दर्ज की। स्वाभाविक ही इससे राज्य सरकार के लिए एक असहज स्थिति पैदा हो गई, जो अक्सर महिला सम्मान के सर्वोपरि होने की बात करती रहती है। नतीजतन, सरकार ने ऐसे आचरण के कठघरे में आए एसडीएम के तबादले का आदेश जारी कर दिया। किसी भी व्यक्ति और खासतौर पर उच्च पद पर काबिज अधिकारी के पास यह सहज ज्ञान होना चाहिए कि सार्वजनिक रूप से ऐसे आचरण का क्या मतलब होता है। मगर संबंधित एसडीएम को इस पर गौर करना जरूरी नहीं लगा कि ऐसी कोई बात कैसे उनके पद की मर्यादा और सामान्य नैतिकता के भी खिलाफ जाती है। खासतौर पर जिस दौर में महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए सभी स्तरों पर जोर दिया जा रहा है, वैसे में यह घटना दावों और हकीकत के विरोधाभास को ही दर्शाती है। इसलिए उनके तबादले से संबंधित फैसले का आशय समझा जा सकता है। हालांकि आरोपों के कठघरे में आए एसडीएम ने सफाई के तौर पर कहा कि उनके पैर में चोट लगी थी और इस वजह से महिला कर्मी ने खुद ही जूते के फीते बांध दिए थे। मगर सवाल है कि वहां मौजूद और बाद में सुर्खियों में आई तस्वीर को देखने वाले लोगों को यह कैसे पता हो सकता है कि ऐसा उनके स्वास्थ्य की वजह से हुआ। फिर क्या अपने पद से जुड़े व्यवहार की सीमा और उससे जुड़े नैतिक तकाजे का खयाल रखना खुद अधिकारी के लिए जरूरी नहीं था? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी विषम परिस्थिति में सहायता या सहयोग और पद के प्रभाव में किसी कनिष्ठ कर्मचारी से निजी काम कराने की प्रकृति बिल्कुल अलग होती है। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने की स्थिति में किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास अवकाश लेने का विकल्प होता है। फिर यह भी देखा जाता है कि किसी कनिष्ठ या निम्नवर्गीय कर्मचारी के द्वारा ''जूते के फीते बांधने'' जैसी प्रकृति के काम के पीछे एक खास मनोभाव काम कर रहा होता है, जिसमें उच्च पद का प्रभाव या उसकी आभामंडल से जुड़ा मनोविज्ञान हावी रहता है। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी की ही यह जिम्मेदारी होती है कि वह पद और आचरण के लिए नीतिगत तौर पर निर्धारित नियम और सामान्य नैतिक तकाजों का ध्यान रखे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर व खेल कूद का हुआ आयोजन





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदेश्वर मित्र मंडल सेक्टर न.3 द्वारा एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ खेल कूद प्रतोयोगिता धाकड़ गार्डन बदला रोड में आयोजित किया गया। मित्र मंडल मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम संचालक सुनील गांग ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ प्रातः 9.00 बजे से शुरू कर दोपहर 2.00 बजे तक रहा जिसमे 125 लाभार्थियों ने ब्लड शुगर जांच , ब्लड प्रेशर जांच एवं फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाओं का लाभ लिया। स्वास्थ जांच शिविर के साथ खेलकूद प्रतियोगिता में सदस्य परिवारजन ने बड़चड़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगला चरण से हुई । मुख्य अतिथि भामाशाह ध्रुव प्रकाश धाकड़ का स्वागत संस्था संरक्षक सुरेश गांग, श्याम झगड़ावत, अध्यक्ष अशोक पोखरना एवं मंत्री नवरतन भड़कतिया द्वारा किया गया। सम्मान की कड़ी में निशुल्क सेवा प्रदाता फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. ध्रुवि जैन का स्वागत ललिता गांग, राजुलता पोखरना, कुसुम झगड़ावत, शशी नलवाया द्वारा किया गया वही फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. साहना का स्वागत जया पोखरना, अनिता बाबेल, अनछायी कावड़िया द्वारा किया गया। ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच हेतु डॉ. विनोद बोकडिया की टीम का स्वागत सुरेश परमार, चंद्र प्रकाश कोठारी एवं अशोक मुणोत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में एकल परिवार के नुकसान एवं प्रतिभवान बच्चों का विदेश पलायन पर अपना मर्म साजा किया। मित्र मंडल के सरंक्षक श्याम झगड़ावत ने संस्था के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डाला एवं भविष्य में मेडिकल इक्यूपमेंट बैंक की स्थापना पर रोशनी डाली। रामलला मूर्ति की अयोध्या राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा पर ललिता गांग, योजना लोढ़ा, राजुलता पोखरना, कुसुम झगड़ावत, सुशीला खमेसरा, अनछाई कावड़िया ने राम गीत प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। खेल प्रतियोगिता ग्लास गुब्बारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दंपती जोड़ा इंद्रजीत- इंदु सिंघवी द्वितीय स्थान पर दिलकुश- अनछायी कावड़िया तथा तृतीय स्थान पर शैलेश- स्मिता सियाल रहे। चोटी रब्बर प्रतियोगिता में क्रमशः विनोद - पुष्पा सिसोदिया अशोक- जया पोखरना सुरेश- ललिता गांग ने जीत हासिल की एवं बच्चो की चम्मच रेस प्रतियोगिता में क्रमानुसार सुजल जैन, रियांश मारू, किनाया सियाल, पार्थ कोठारी एवं मनी पोखरना ने अपना नाम अंकित किया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि ध्रुव प्रकाश धाकड़ के हाथों से पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मित्र मंडल मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक सुनील गांग ने कार्यक्रम का संचालन बड़ी रोचकता से किया। धन्यवाद की रस्म संस्था अध्यक्ष अशोक पोखरना ने अदा की। अंत में सभी आम जन को धाकड़ गार्डन की ओर से तुलसी एवं अन्य पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिविर में सभी आम जन एवं बच्चों का गजब का उत्साह रहा।


# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से...

**गल्तियां भी होगी और गलत भी समझा जायेगा..**
**ये ज़िन्दगी है जनाब, यहाँ तारीफें भी होगी और कोसा भी जायेगा..!**



जीवन में दुःख तभी तक है जब तक सोच और दृष्टी सम्यक नहीं हुई। सोच बदलते ही परिस्थिति भी बदल जाती है। चिन्तन बदलते ही चिन्ता खो जाती है। तुम भी अपने सिर से चिन्ता का भार उतार दो। तुम भी हल्के हो जाओगे। चिन्ता भार है। चिन्ता शील व्यक्ति खाली और खोखले होते हैं,, तथा चिन्तन शील व्यक्ति खरे-निखरे और स्वस्थ होते हैं। चिन्ता करना यानि बीमारियों को निमन्त्रण देना जैसा है। आदमी तन से ही बीमार नहीं होता, मन से भी बीमार होता है। मन की बीमारी ना जीने देती है, ना मरने देती है। चिन्ता एक मानसिक रोग है। चिन्तन शील आदमी स्वस्थ और प्रसन्न होगा। इसलिए मैं कहता हूँ - चिन्तन अन्धेरों में रोशनी की किरण है और चिन्ता जीवन की शुभ्र चादर पर एक धुंधला धब्बा है। आदमी कितना नादान और ना समझ है। दुनिया की चिन्ता कर रहा है। अरे बाबू ! जिसने आज दिया है वो कल भी देगा। राम भरोसे जो रहे, पर्वत पे हरयाय...।

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को दी जन्मदिन पर बधाई : कोमल सोनी



**सोजत सिटी. शाबाश इंडिया**

जयपुर राजघराने की राजकुमारी व राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को आज जयपुर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर दी जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भाजपा महिला मोर्चा खमनोर मण्डल अध्यक्ष कोमल सोनी व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे एवं राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कोमल सोनी द्वारा जन्मदिन पर किए गए बहुमान व स्वागत का आभार जताया ।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर ग्रुप का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह भट्टारक जी की नसियांजी में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने पहुंच कर भक्तामर का पाठ एवं नमोकार का जाप किया फिर स्वल्पाहार की व्यवस्था डां मनीष जैन मणि व सुरेश गंगवाल ने की। सदस्यों ने स्वल्पाहार से प्रोग्राम शुरू हुआ। मंगलाचरण श्रीमति मंजू पांड्या, आभा व कान्ता गंगवाल, व डां शान्ति जैन 'मणि' ने किया। इसके पश्चात भगवान के चित्र का अनावरण व दीपप्रज्जवलन किया गया। सदस्यों ने देश भक्ती गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। श्रीमति शशि जैन ने देश भक्ती पर बनाई विशेष हाऊजी खिलाई। धार्मिक प्रश्नों व हाऊजी डां शान्ति जैन 'मणि' ने खिलाई व सही जवाब देने वाले दस सदस्यों को ग्रुप अध्यक्ष डॉ. एम.एल जैन 'मणि' व कोषाध्यक्ष पारस मल लुहाडिया ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया। जनवरी माह में जन्में सदस्यों का जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ पर माल्यार्पण से स्वागत किया गया। सुरेश गंगवाल कार्याध्यक्ष ने वर्ष 2024 की फीस जमा कराने का आह्वान किया। अन्त में कोषाध्यक्ष पारसमल लुहाडिया ने सभी का आभार व धन्यवाद किया।







# लक्ष्य ट्रेडर्स उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अमिषा पटेल ने किया पुरस्कृत




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रतिष्ठित फर्म लक्ष्य ट्रेडर्स, जयपुर के अंकेश जैन, अर्पित जैन को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस 'नवोत्सव' में फिल्म स्टार अमिषा पटेल के द्वारा सम्मान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि लक्ष्य ट्रेडर्स प्रिंटिंग, कॉरपोरेट गिफ्ट आर्टिकल, बेनर, साइन बोर्ड आदि अनेक क्षेत्रों में एक प्रतिष्ठित फर्म हैं।









# जैन मिलन मकरोनिया द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

## सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश जैन बीज निगम का प्रेस क्लब ने किया सम्मान। मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

**मनीष शास्त्री विद्यार्थी. शाबाश इंडिया**

सागर ।जैन मिलन मकरोनियाक क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा 75 वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर श्री तपोवन तीर्थक्षेत्र सिदगुवां एवम फास्ट आईएएस अकैडमी दीनदयाल नगर में ध्वजारोहण किया गया ।वीर सुरेश जैन अध्यक्ष एवं वीर मनीष शास्त्री 'विद्यार्थी' मीडिया प्रभारी द्वारा बताया गया कि सुबह से तपोवन में जैन मिलन के सदस्यों द्वारा अभिषेक शांति धारा एवं पूजा विधान किया गया, तत्पश्चात ध्वजारोहण वीर सुरेश जैन वीर पवन जैन द्वारा किया गया एवं उपस्थित वीर वीरांगनाओं को वीर पवन जैन एवं मणी जैन द्वारा स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात सभी सदस्य फास्ट आईएएस अकैडमी दीनदयाल नगर पहुंचे जहां पर ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात छात्रो द्वारा मनमोहक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वात्सल्य भोज का आनंद लिया, कार्यक्रम का संचालन प्रीति जैन एवं वीर मनीष जैन विद्यार्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वीर श्रेणिक जैन एवं वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### मतदाता जागरूक

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा नागरिकों में चुनावी जागरूकता पैदा करने एवं चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई एवं लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित कर अपील की गई वोट अवश्य डाले तथा इस अवसर पर उपस्थित फास्ट आईएएस अकादमी के छात्रों एवं सदस्यों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

### सुरेश जैन बीज निगम का सम्मान

तहसील प्रेस क्लब मध्यप्रदेश रजि. द्वारा सुरेश जैन बीज निगम रिटायर्ड एसडीओ एवं वैश्य महासम्मेलन मकरोनिया के अध्यक्ष को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सक्रिय कार्यकर्ता अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्माननीय अतिथियों के साथ प्रेस क्लब महामंत्री मनीष शास्त्री विद्यार्थी सम्मान करते हुए। इस अवसर पर अति वीर अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर संजय जैन क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर मनीष जैन विद्यार्थी क्षेत्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी वीर सुरेश जैन अध्यक्ष वीर रविंद्र जैन मंत्री वीर निशिकांत सिंघई वीर पवन जैन मेडिकल वीर अशोक जैन चितौरा अध्यक्ष प्रबंधकारिणी समिति वीर सुमित जैन सिंघई मंत्री वीर वीरेंद्र प्रधान मार्गदर्शक वीर अनिल जैन करापुर एवं वीर राकेश जैन विशेष कार्यकारिणी सदस्य वीर श्रेणिक जैन वीर प्रासू जैन वीर पीयूष जैन वीर अखिल जैन वीर रोशन जैन वीरांगना तृप्ति आकृति दीपांशी पूजा हिमांशी पाखी रिन्सी मोनिका खुशी आर्यन साछी आदि बड़ी संख्या में वीर एवं वीरांगनाएं उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में सभी ने वात्सल्य भोज का आनंद लिया कार्यक्रम का संचालन प्रीति जैन एवं वीर मनीष जैन विद्यार्थी द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में वीर श्रेणिक जैन एवं वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यक्रम के अंत में सभी ने वात्सल्य भोज का आनंद लिया, कार्यक्रम का संचालन प्रीति जैन एवं वीर मनीष जैन विद्यार्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वीर श्रेणिक जैन एवं वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।**

# लीनस स्वरा ने मनाया अनूठे अंदाज में गणतंत्र दिवस

## वृद्धाश्रम में भेट की जरूरत की वस्तु एवं राशन सामग्री



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लीनस क्लब जयपुर स्वरा ने कावेरी पथ स्थित वृद्धाश्रम में रंह रहे जरूरतमंद वृद्धजनो के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। अध्यक्ष निशा शाह ने जानकारी दी कि क्लब द्वारा आश्रम में राशन का सामान, घी, तेल, मसाले, चाय, चीनी के साथ सब्जिया एव जरूरत की दवाईया भी दी गई ।सचिव मानसी गर्ग ने बताया की क्लब के सदस्यों के साथ सभी वरिष्ठजनों ने देशभक्ति गीत एव भजन गाये। सिंगर मनोज जैन द्वारा गाये देशभक्ति गीतों पर मोजूद सभी लोग झूम उठे। आश्रम का माहोल देशभक्ति के रंग में रंग गया। कॉर्डिनेटर रुचि शर्मा द्वारा घर से बना हुआ केक काटा एव सभी वरिष्ठजनों ने एक दूसरे को खिलाया। अंत में सभी ने क्लब की संस्थापक अध्यक्ष स्वाति जैन को क्लब को दुबारा लाने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ममता जैन सह कोषाध्यक्ष सुनीता सुनील जैन, पीआरओ कविता कासलीवाल, डायरेक्टर भानु प्रिया जैन व अन्य क्लब के सदस्य मोजूद थे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com